भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2088
उत्तर देने की तारीख 6 अगस्त, 2026

भारतनेट परियोजना का कार्यान्वयन

2088 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतनेट परियोजना के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) भारतनेट परियोजना के चरण-I और चरण-II तथा संशोधित भारतनेट कार्यक्रम की चरण-वार कार्यान्वयन स्थिति क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश में ग्राम पंचायतों (जीपी) की जिला-वार संख्या कितनी है और कितनी ग्राम पंचायतों को भारतनेट की सुविधा दी गई है;

(घ) 'सर्विस रेडी' संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) राज्य में कितनी ग्राम पंचायतों ने ऑप्टिक फाइबर कनेक्टिविटी की मांग की है और उनमें से कितनी ग्राम पंचायतों को यह सुविधा प्रदान की गई है; और

(च) कितनी ग्राम पंचायतों में इंटरनेट चालू हो गया है और भारतनेट के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जा रही हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) भारत सरकार ने दिनांक 04.08.2023 को डिजिटल अंतर को पाटने के लिए देश भर में सभी 2.65 लाख ग्राम पंचायतों (जीपी) में नेटवर्क के उन्नयन/निर्माण के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को मंजूरी दी।

(ख) भारतनेट चरण-I और चरण- II के तहत देश भर में 6.95 लाख किलोमीटर (किमी) ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई थीं और 2.15 लाख ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया था। संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत दिनांक 30.06.2026 तक, 43,908 ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई हैं और 13,494 ग्राम पंचायतों का उन्नयन किया गया है।

(ग) से (च) संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत आंध्र प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों के लिए ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी हेतु प्रावधान किया गया है। भारतनेट चरण- I और चरण- II में 12,955 ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया था। इसमें से 12,935 ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी के माध्यम से जोड़ा गया था। जिला-वार ब्योरा अनुबंध में है।

दिनांक 30.06.2026 तक, आंध्र प्रदेश की 2,638 ग्राम पंचायतों में फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) कनेक्शन प्रदान किए गए थे।

भारतनेट परियोजना का कार्यान्वयन विषय पर श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा पूछे गए दिनांक 06.08.2026 के राज्यसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2088 के उत्तर के भाग (ग) से (च) के संदर्भ में अनुबंध

आंध्र प्रदेश राज्य में भारतनेट चरण-I और चरण-II के अंतर्गत जुड़ी ग्राम पंचायतों का जिला-वार ब्योरा

जिला	भारतनेट चरण-I और चरण-II में जुड़ी ग्राम पंचायतों की कुल संख्या
अल्लूरी सीताराम राजू	427
अनाकापल्ली	597
अनंतपुर	561
अन्नामय्या	437
बापतला	455
चित्तूर	600
डॉ. बी. आर. अंबेडकर कोनासीमा	393
पूर्व गोदावरी	289
एलुरु	549
गुंटूर	276
काकीनाडा	365
कृष्णा	498
कुरनूल	472
नंदयाल	477
एन.टी.आर.	290
पलनाडु	512
पार्वतीपुरम मण्यम	425
प्रकाशम	718
श्री पोटी श्रीरामुलु नेल्लोर	716
श्री सत्य साईं	437
श्रीकाकुलम	915
तिरुपति	745
विशाखापत्तनम	83
विजयानगरम	775
पश्चिम गोदावरी	408

येदुगुरी संदिरेड्डी राजशेखर रेड्डी कडपा	535
कुल	**12,955**

*****